आयोजनागत

संख्या–407 / XXIV(1) / 2005

प्रेषक

नम्रता कुमार,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

राज्य परियोजना निदेशक,
उत्तरांचल सभी के लिए शिक्षा परिषद,
देहरादून।

शिक्षा अनुभाग–1(बेसिक) देहरादून दिनांक 12 जुलाई,2005

विषय – सर्व शिक्षा अभियान के संचालन हेतु राज्यांश अवमुक्त कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या –रा0प0नि0 /609/2005–06 दिनांक 24.6.2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सर्व शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–279/ XXIV(1)/2005–44/2004 दिनांक 13.5.2005 के द्वारा निदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तरांचल के निवर्तन पर रखी गयी धनराशि रू0 32.17 करोड़ में से श्री राज्यपाल महोदय सर्व शिक्षा अभियान योजना के संचालन हेतु, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005–06 के लिए पत्र दिनांक 7.6.2005 द्वारा अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 33.41 करोड़ के सापेक्ष रू0 11,13,66,000/– (रूपये ग्यारह करोड़ तेरह लाख छियासठ हजार मात्र) की धनराशि 25 प्रतिशत राज्यांश के रूप में व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– प्रश्नगत धनराशि का व्यय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वीकृत मदों पर ही किया जायेगा तथा नियमानुसार मितव्ययता का ध्यान भी रखा जायेगा।

3– इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के अनुदान संख्या–11 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक –2202– सामान्य शिक्षा–आयोजनागत–01– प्रारम्भिक शिक्षा–800–अन्य व्यय –01–केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना–0104– सर्व शिक्षा अभियान (25 प्रतिशत राज्यांश) –20–सहायक अनुदान/अशंदान/राजसहायता के नामें डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–52 / वित्त अनुभाग–4 / 2005 दिनांक 7.7.2005 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(नम्रता कुमार)
अपर सचिव।

संख्या व दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तरांचल , देहरादून।
2– निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तरांचल।
3– कोषाधिकारी, देहरादून ।
4– राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून।
5– अपर सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, प्रारम्भिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6– बजट राजकोषीय संसाधन निदेशालय ।
7– वित्त अनुभाग–4 / नियोजन अनुभाग।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
/
(संजीव कुमार शर्मा)
अनु सचिव।